वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 203 | शुक्रवार 18 नवम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर




राष्ट्रीय कोसीडीसी अवार्ड्स-2022

## समग्र एवं बहुआयामी औद्योगिक विकास के लिए सरकार हरसंभव प्रयासरत: उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रीयल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (रीको) के तत्वावधान में कॉंसिल ऑफ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया (कोसीडीसी) की ओर से अष्टम राष्ट्रीय कोसीडीसी अवार्ड्स - 2022 समारोह गुरुवार रात जोधपुर जिले के शिकारगढ़ स्थित होटल इण्डाना में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कोसीडीसी की ओर से देश के विभिन्न हिस्सों की कंपनियों, संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पदाधिकारियों एवं उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए नेशनल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। आउटस्टेडिंग एसआईडीसी अवार्ड ईडीसी लिमिटेड, गोआ को प्रदान किया गया। समारोह में आन्ध्रप्रदेश, गोवा, केरल, कर्नाटक, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु एवं राजस्थान राज्यों के 50 उद्यमियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इनमें सर्वाधिक 21 उद्यमी राजस्थान के हैं। मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला




रावत ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में देश के तीव्र एवं समग्र औद्योगिक विकास में कोसीडीसी की महत्वपूर्ण भूमिका बताते अवार्ड्स प्राप्त करने वाले सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने राजस्थान में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता, कृषि उत्पादन, खनिज भण्डारों, रिन्यूएबल एनर्जी आदि का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उद्योगों के विकास एवं विस्तार के साथ ही इनमें उत्तरोत्तर निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि ऑन शॉप डीलिंग में क्रूड ऑयल उत्पादन करने के मामले में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के बाड़मेर जिले के पचपदरा में स्थापित हो रहे पैट्रोलियम रिफायनरी वह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के उत्पादों पर आधारित डाउनस्ट्रीम उद्योगों की स्थापना के लिए पचपदरा में ही रीको द्वारा राजस्थान पेट्रो जॉन के रूप में एक पैट्रोलियम केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स इन्वेस्टमेंट रीजन की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने बहुआयामी प्रयासों को मूर्त रूप प्रदान करते हुए राज्य में उद्योगों की स्थापना और उनके संचालन के लिए अनुकूल माहौल बनाया है।

### नई राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम

उद्योग मंत्री ने कहा कि हाल ही प्रदेश में नई राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022 लागू की गई है और यह विभिन्न राज्यों में प्रचलित स्कीम्स में सबसे बेहतरीन है, जिसमें नवाचारों और अधिकतम व्यवहारिकता के साथ उद्यमों के लिए विभिन्न सहूलियतों एवं रियासतों का समावेश किया गया है। इसमें सेक्टर स्पेसिफिक पॉलिसीज जैसे कि सोलर एनर्जी पॉलिसी, इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी आदि भी लागू की है। राजस्थान में उद्यमों को उपलब्ध सुविधाएं, सेवाएं और रियायतें अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर एवं प्रतिस्पर्धात्मक हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 10 करोड से ज्यादा के निवेश वाले उद्यमों के लिए वन स्टॉप शॉप प्रणाली लागू की गई है।

### आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का सानिध्य

# कूकस में चंद्रप्रभु निलय का होगा लोकार्पण 20 नवम्बर को







**जयपुर. शाबाश इंडिया**


श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रप्रभु जी कूकस में चंद्रप्रभु निलय का लोकार्पण 20 नवम्बर को, आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में होगा। जयपुर दिल्ली हाइवे पर कूकस ग्राम में बने अति प्राचीन श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चंद्रप्रभु जी में नवनिर्मित श्री चंद्रप्रभु निलय का तीन दिवसीय लोकार्पण समारोह बीस नवम्बर से शुरू होगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम आचार्य श्री सुनील सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में होगा। क्षेत्र के मंत्री प्रदीप गोधा ने बताया कि 20 नवम्बर को आचार्य श्री प्रातः 6 बजे आमेर से विहार कर कुकस क्षेत्र पर मंगल प्रवेश करेंगे। इसके लिए साई बाबा मंदिर से जुलूस निकाला जाएगा। सुबह साढे नौ बजे आचार्य श्री का मंगल प्रवचन होगा। तत्पश्चात लोकार्पण समारोह होगा। कार्यक्रम के बाद आचार्य श्री की आहार चर्या होगी। शाम छह बजे मंगल आरती तथा रात्रि में वीर संगीत मण्डल की ओर से 48 दीपकों से भक्तामर स्तोत्र का अनुष्ठान किया जाएगा। सोमवार 21 नवम्बर को प्रख्यात गायक नरेन्द्र जैन द्वारा दोपहर एक बजे से भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। वहीं 22 नवम्बर को स्वयंभू स्तोत्र विधान का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम को भव्य मंगल आरती व अन्य कार्यक्रम होंगे।

# राघोगढ़ में श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

### आर्यिका संघ के सानिध्य में 18 से 27 नवंबर तक धर्म की गंगा बहेगी



**राघौगढ़. शाबाश इंडिया।** धर्म नगरी राघौगढ़ में जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन आर्यिका रत्न आदर्श मति माताजी ससंघ, आर्यिका सूत्र मति माताजी ससंघ एवं आर्यिका निष्काम मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में दिनांक 18 नवंबर से 27 नवंबर तक संत सुधा सागर धाम में श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का विशाल धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।18 नवंबर को प्रातः 7:00 भगवान को पालकी में विराजमान कर विशाल शोभायात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए संत सुधा सागर धाम आएगी। ध्वजारोहण श्रेष्ठी अशोक कुमार राजेश कुमार भारिल्य परिवार राघौगढ़ भोपाल द्वारा समारोह पूर्वक किया जाएगा आयोजन के विशेष अतिथि राघोगढ़ नगर गौरव पूज्य मुनि निर्लेप सागर जी महाराज के ग्रहस्थ जीवन के माता-पिता श्रीमती मीना रावत एवं श्री अनिल रावत होंगे। विधान के द्रव्य के पुण्यार्जक मनोज कुमार जितेंद्र कुमार जैन राघौगढ़ है ।धार्मिक आयोजन सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप जैन सुयश अशोकनगर के कुशल निर्देशन में संपन्न होंगे। इसी बीच आर्यिका संघ का पिछी परिवर्तन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः काल भगवान का पूजन अभिषेक शांति धारा होगी। तत्पश्चात विधान प्रारंभ होगा। प्रातः 8.30 बजे से आर्यिका माता जी के मंगल प्रवचन होंगे। शाम को 6:30 बजे से महा आरती का जुलूस प्रारंभ होकर सुधासागर धाम आएगा। यहां पर महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने श्री सत्येंद्र शर्मा कंठस्थ केन्द्र दिल्ली से आ रहे है। विधान के समापन पर दिनांक 27 नवंबर को भगवान की विशाल रथ यात्रा का आयोजन राघौगढ़ नगर में किया गया है। धार्मिक आयोजन में भाग लेने बाहर से आने वाले अतिथियों के आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था जैन समाज राघौगढ़ ने की है।



### कोटड़ी पहुंचने पर समकितमुनिजी का वंदन-अभिनंदन

# मुसीबत में होती दोस्त की पहचान, वक्त बदल जाए पर यार नहीं बदलना चाहिए: समकितमुनिजी




**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जीवन में पैसे की तरह रिश्तों की भी सारसंभाल करना सीख लो। दोनों को कमाना बहुत कठिन है लेकिन गंवाना बहुत आसान है। एक चुभते शब्द से बरसों का प्रेम नफरत में बदल जाता है। बुढ़ापे में पुत्र की, गरीबी में पत्नी की ओर मुसीबत में दोस्त की पहचान होती है। ये विचार प्रज्ञामहर्षि डॉ. समकितमुनिजी म.सा. ने गुरुवार को चारभुजानाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रवचनमाला **'दोस्ती की अमरकथा कृष्ण-सुदामा चरित्र'** के पहले दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नाथ के प्रांगण से नाथ बनने की यात्रा शुरू करनी है। भगवान कृष्ण और सुदामा की दोस्ती की मिसाल आज भी दी जाती है। छल-कपट कर कभी रिश्ते आगे नहीं बढ़ सकते है। मुनिने कहा कि नफरत देकर जीवन में कभी प्रेम नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण महाराज के अद्भुत जीवन का एक पहलू सुदामा से दोस्ती है। जीवन का मजा तभी है जब वक्त बदल जाए पर यार न बदले। ऐसी यारी जिंदगी में होने पर हजारों वर्ष बाद भी दुनिया याद करती है। समकितमुनिजी ने कहा कि हमेशा पुण्यकर्म करते रहो मेहनत सफल होती रहेगी। उन्होंने सुदामा की दरिद्रता देखकर कृष्णनगरी में लोगों द्वारा उनकी हंसी उड़ाने के प्रसंग का चित्रण करते हुए कहा कि जिंदगी में किसी परेशान को कभी परेशान मत करों। अमीर वह नहीं है जिसने धन कमाया बल्कि अमीर वह है जो किसी का सहारा बने, किसी के काम आए। धर्मसभा में साध्वी एश्वर्याप्रभा म.सा. ने गुरूणी मैया यशकंवर की स्तुति में गीत प्रस्तुत किया। गायनकुशल जयवंतमुनिजी म.सा.ने भी प्रेरक गीत हर पल में हो प्रभु सुमिरन तेरा की प्रस्तुति दी।

# ज्ञान सागर समाधि कमेटी ने लोकसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

## समाधि की जमीन लीज के लिए की चर्चा



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया।**

नसीराबाद। स्थानीय ज्ञानसागर समाधि कमेटी के सदस्यों ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष से बुधवार को मुलाकात पर ज्ञानसागर समाधि स्थल की भूमि को लीज पर देने के विषय में चर्चा की। छावनी परिषद में वैरिड बोर्ड के सदस्य सुशील कुमार गदिया के नेतृत्व में व कोटा निवासी आनंद राठी के सहयोग से समाधि कमेटी के शिष्टमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष के नई दिल्ली स्थित आवास पर भेंट कर समाधि स्थल की लीज बढ़ाने को लेकर अपनी मांग रखी। बिरला ने कमेटी के शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। कमेटी के सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व संयोजक आनंद राठी को नसीराबाद आने का निमंत्रण भी दिया। कमेटी के शिष्टमंडल में रितेश बिलाला, विनोद अजमेरा, अरुण अजमेरा, शेखर बड़जात्या शामिल थे।

# स्वाध्याय को जीवन का अध्याय बनाओ: आचार्य सुनील सागर महाराज


## आचार्य श्री के सानिध्य में शनिवार को बड़ी चौपड़ पर होगी विशाल धर्मसभा

## शुक्रवार को महावीर स्कूल में होंगे मंगल प्रवचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जीवन में दो शब्द होते हैं। चर्चा और चर्या । चर्चा से जीवन चहकता है और चर्या से जीवन महकता है। चर्चा से केवल जीवन में चर्चा ही रहतीं हैं परन्तु चर्या से जीवन में चर्चा के साथ आचरण भी महक उठता है। चर्चा और चर्या, दोनों को जीवन में अंगीकार करने के लिए स्वाध्याय आवश्यक है।जो स्वाध्याय करते हो उसे आचरण में लाने से जीवन अवश्य महक उठेगा। अतः आचरण को जीवन का अध्याय बनाना जरूरी है।ये उद्गार आचार्य श्री सुनील सागर महाराज ने जौहरी बाजार के दडा मार्केट स्थित बडा मंदिर में गुरुवार को आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।इससे पूर्व प्रातः आचार्य शशांक सागर महाराज एवं



आचार्य सुनील सागर महाराज के संघ के कई संतों ने सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ चांदपोल क्षेत्र के दिगम्बर जैन मन्दिरों के सामूहिक दर्शन किए। समन्वयक कुशल ठोलिया एवं विशाल ठोलिया ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में गुरुवार को सायंकाल 6 बजे मंदिर जी ठोलिया में 108 दीपकों से विशाल महाआरती की गई। रात्रि 7.15 बजे से मारुजी का चौक स्थित दिगम्बर जैन मंदिर मारुजी में विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायिका नेहा जैन ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

## वेद ज्ञान

### समरसता के लिए प्रेम आवश्यक

जीवन में सरसता के लिए प्रेम आवश्यक है। इसका संबंध मन से है। सांसारिक पदार्थों का इसमें कोई योगदान नहीं है। मन से अधिक ताकतवर कुछ भी नहीं है। इसकी चंचलता जीवन को अस्थिर करती है और मन का टिकना अनेक दुखों से बचाने वाला है। मन जब प्रेम से परिपूर्ण हो तब जीवन बदलने लगता है और आनंद की अवस्था प्राप्त होती है, किंतु प्रेम कर पाना जीवन का सबसे कठिन कर्म है। इसके लिए मन के सारे विकार त्यागने पड़ते हैं और इसे संवेगों से रहित और निर्मल बनाना पड़ता है। यह महान साधना है। कितने ही ऋषियों और मुनियों का सालों का जप-तप मन के चलते पलों में व्यर्थ चला गया। ज्ञानियों का ज्ञान, त्यागियों का त्याग मन की निर्मलता और प्रेम के बगैर निष्फल रहा। घर, परिवार और समाज त्यागने से नहीं, मन के विकार त्यागने से निर्मलता प्राप्त होती है। दूसरा सबसे बड़ा आधार है विश्वास। सारे संशय दूर हो जाएं, भ्रम मिट जाएं और मार्ग स्पष्ट दिखने लगे, तभी मन में विश्वास के बीज अंकुरित होते हैं। विकारों को त्यागने और विश्वास को धारण करने से ही मन में प्रेम की तरंगें उठने की स्थितियां बनती हैं। संसार में प्रेम को विभिन्न रूपों में देखा जा रहा है। माता और पिता से, संतान से, संबंधियों से, स्त्री और पुरुष से, धन, दौलत, शोहरत, शक्ति से प्रेम है, किंतु आवश्यक नहीं कि इनसे सदा आनंद की प्राप्ति हो और कभी दुख न सहना पड़े। अध्यात्म समस्त संबंधों को नाशवान और स्वार्थों पर आधारित मानता है। जब तक हित साधन हो रहा है तब तक संबंध हैं। हित पूरे न होने पर निकट से निकट संबंध भी बालू की भीति की तरह धराशायी हो जाते हैं। प्रेम का वास्तविक रूप परमात्मा से जुड़ने में है, जिसने सारे जीव पैदा किए हैं। जो सबका पिता है, उससे प्रेम का आनंद सदा बना रहने वाला और सुखदायक है। शुद्ध मन और अटूट विश्वास के साथ परमात्मा से प्रेम संबंध कायम करना ही उसे पाने का मार्ग है। इसके लिए भी उसकी कृपा चाहिए। मन में एक बार परमात्मा से प्रेम का रस पैदा हो जाए तो संसार के सारे रस फीके लगने लगते हैं और मन टिकने लगता है। ईश्वर स्वयं प्रेम स्वरूप है।

## संपादकीय

# दुनिया की आबादी अब आठ अरब के पार

दुनिया की आबादी आठ अरब को पार कर गई। इस लिहाज से यह चिंता की बात जरूर है क्योंकि कुछ दशकों से बढ़ती आबादी पर चिंता जताई जाती रही है। दशकों तक जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर चर्चा भी होती रही है। इस तरह जनसंख्या बढ़ने के नए आंकड़े पर सोच-विचार जरूर होना चाहिए। लेकिन यहां गौर करने की बात यह है कि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में जन्मदर कम होते जाने का रुख है। जनसांख्यिकीय विश्लेषण में निकल कर आया कि सन 1950 के बाद इस समय जन्मदर अपने सबसे कम स्तर पर है। यानी पिछले दशकों में जनसंख्या नियंत्रण के उपायों के कारगर रहने पर हम संतोष कर सकते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि फिर उम्मीद से ज्यादा आबादी किस कारण से बढ़ रही है। इसका जवाब यह दिया जा रहा है कि दुनियाभर की सरकारों के अच्छे कामों से नागरिकों के जीने की औसत उम्र बढ़ गई है। जनसंख्या बढ़ोतरी का कारण अगर स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ना और जीवन स्तर बेहतर हो जाना हो तो हम अब किस आधार पर आबादी के नए आंकड़े पर अफसोस जता पाएंगे! इस बात से भी कोई इनकार नहीं कर सकता कि कई देशों की सरकारें अपने नागरिकों की न्यूनतम जरूरतों को पूरा करने में बड़ी कठिनाई महसूस कर रही हैं। पानी और भोजन की कमी हो, या वाहनों से पैदा होने वाला प्रदूषण, ऐसी समस्याओं के लिए सबसे आसान तर्क बढ़ती आबादी का ही दिया जाता है। लेकिन अगर विश्व में जन्मदर का लक्ष्य कमोबेश हासिल कर लिया गया हो तो अब समस्याओं के समाधान के लिए दूसरा और कौनसा तरीका हो सकता है? दुनियाभर के विकास विशेषज्ञों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे अपनी न्यूनतम आकार की आबादी की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विकास का नया माडल खोजें। हालांकि कुछ विद्वानों को लग सकता है कि जनसंख्या घटोतरी के लिए जन्मदर को और नीचे लाया जा सकता है। लेकिन गौर करने की बात यह है कि कई देशों में विकास का चक्का घुमाने वाले युवकों की आबादी कम हो रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक एक स्तर से ज्यादा जन्मदर नहीं घटाई जा सकती। वरना भविष्य में युवा कम पड़ने लगेंगे। यानी आबादी का मामला इतना आसान नहीं है। जहां तक सिर्फ अपने देश की बात है तो बढ़ती जनसंख्या के रुख में यह भी बताया गया है कि भारत की आबादी दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले चीन से भी ज्यादा होने को है। यह बात चैंकाने वाली इसलिए है कि यह अनुमान नहीं लगाया गया था कि ऐसी स्थिति इतनी जल्द आ जाएगी। हालांकि भारत जन्मदर को काबू करने का दावा कर रहा है। साथ ही जीने की औसत उम्र भी बढ़ने की बात है। बेशक पृथ्वी पर इच्छाओं की पूर्ति के लिए संसाधन कम हैं, लेकिन मानव की बुनियादी जरूरतों के लिए संसाधन इतने भी कम नहीं हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# संवाद का रास्ता...

ह इंडोनेशिया के बाली द्वीप में ताइवान जैसे गंभीर मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच जो संवाद हुआ, उससे लगता नहीं कि इस समस्या का जल्द कोई हल निकल पाएगा। उपलब्धि के नाम पर बस इतना ही कहना उचित होगा कि दोनों नेता मिले और आमने-सामने बात हुई। जैसी कि खबरें आई हैं कि ताइवान मुद्दे पर बाइडेन ने चीन को चेता दिया है कि वह उस पर हमला करने का इरादा छोड़ दे और चीनी राष्ट्रपति शी ने अमेरिका को हद में रहने की नसीहत दी है, उनसे साफ है कि गतिरोध आसानी से नहीं टूटने वाला। गौरतलब है कि लंबे समय से ताइवान का मुद्दा दोनों देशों के बीच टकराव का कारण बना हुआ है और यह वैश्विक राजनीति को भी व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। यह तो दुनिया देख ही रही है कि कैसे इस मुद्दे पर चीन और अमेरिका आमने-सामने हैं। पर बातचीत की मेज पर आना अच्छा संकेत इसलिए है कि संवाद के जरिए ही दुनिया के बड़े से बड़े संकटों का समाधान भी संभव हुआ है। बैठक भले जी-20 देशों की हो, लेकिन दुनिया की निगाहें बाइडेन और शी जिनपिंग की मुलाकात पर ही टिकी रहीं। क्योंकि राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार बाइडेन जिनपिंग से मिले हैं। इस बीच पिछले महीने जिनपिंग भी तीसरे कार्यकाल के चुन लिए गए। यानी चीन की वैश्विक नीति में कोई बड़ा बदलाव आएगा, कहना मुश्किल है। वैसे भी अमेरिका और चीन के बीच गतिरोध के मुद्दे कम नहीं हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध और फिर चीन पर कोरोना महामारी फैलाने के अमेरिका के आरोप से रिश्तों में खटास तो बनी हुई थी ही। और इस साल अगस्त में अमेरिकी प्रतिनिधि की सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर दोनों देश जिस तरह से आमने-सामने आ गए थे, उससे युद्ध की आशंकाएं प्रबल होती दिख रही थीं। चीन ने पैलोसी की यात्रा से पहले और बाद में ताइवान के वायु क्षेत्र में अपने लड़ाकू जहाज उड़ा कर अमेरिका को ताइवान से दूर रहने का संदेश दिया था और उसके समुद्री क्षेत्र में भी अपनी ताकत दिखाई थी। पर चीन के भारी विरोध और चेतावनियों के बावजूद अमेरिका ने जिस तरह दो दर्जन लड़ाकू विमानों की कड़ी सुरक्षा में पैलोसी को ताइवान में उतरवाया, उसका संकेत साफ था कि ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका चीन को मुंहतोड़ जवाब देगा। बाइडेन और जिनपिंग की मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब पिछले दस महीने से रूस-यूक्रेन के बीच लड़ाई चल रही है। इस जंग ने भी दुनिया को दो खेमों में बांट दिया है। चीन रूस के साथ खड़ा है और अमेरिका व पश्चिमी देश यूक्रेन के। दोनों नेताओं के बीच उत्तर कोरिया, चीन में मानवाधिकारों के उल्लंघन, हांगकांग का मुद्दा आदि भी उठे। उत्तर कोरिया पर चीन का वरदहस्त है। उत्तर कोरिया परमाणु ताकत से संपन्न हो चुका है और यह क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा बन गया है। इसके अलावा दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों ने अमेरिका की नींज उड़ा रखी है। इससे निपटने के लिए भी अमेरिका ने क्वाड जैसे मोर्चे खोल रखे हैं। ये सारे मुद्दे जटिलता लिए हुए हैं। इतना तो साफ है कि कोई पक्ष झुकने वाला नहीं। दोनों परमाणु शक्ति संपन्न हैं और सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य भी। ऐसे में दोनों नेताओं से उम्मीद यही करनी चाहिए है कि आक्रामक रुख छोड़ उदारवादी शक्ति संतुलन के रास्ते पर ही चलें। तभी शांति की राह खुलेगी।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय में निर्माण कार्य शुरू



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया।**
भैंसलाना। कस्बे के प्रेमपुरा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विधायक कोष से स्वीकृत 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कमरे का विधिवत रूप से नींव लगा कर निर्माण कार्य शुरू किया गया।ग्रामीण कानाराम नेहरा ने बताया कि विधायक कोष से स्वीकृत 5 लाख की लागत से बनने वाले कमरे आदि का निर्माण कार्य गुरुवार को शुरू हुआ। इस दौरान प्रधानाध्यापक रईस अहमद, मंगला राम नेहरा,महादेव प्रसाद नेहरा, नोलाराम नेहरा, हनुमान प्रसाद, शंकर लाल सुतलिया, छगन लाल, नानग राम,राजू सियाक,मदन लाल नेहरा आदि मौजूद रहे।



# सखी गुलाबी नगरी ने सदस्यों को दिखाया 'ऊँचाई' मूवी का शो



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सखी गुलाबी नगरी ने मनोरंजक के कार्यक्रमों की श्रृंखला में अपना अगला कार्यक्रम, दोस्ती पर आधारित अपनी संस्था के नाम को साकार करते हुए सभी सदस्यों को ऊँचाई मूवी दिखाई । अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि कार्यक्रम में रितु कासलीवाल और कुसुम संघी ने दीप प्रजवलन किया। उन्होंने मूवी व कार्यक्रम को बहुत सराहा। सचिव स्वाति जैन ने बताया की हॉल में ही स्टेज पर ऑनलाइन कार्यक्रमों के पुरस्कारो का भी वितरण किया गया। जिसके स्पान्सर सीमा जैन, व अर्चना जैन थी। सभी सदस्यों को हॉल में अल्पाहार उपलब्ध कराया गया, जिसका सभी ने मूवी के साथ लुत्फ उठाया, उसके पश्चात कार्यक्रम के संयोजको ने ब्लू प्लूटो रेस्टोरेंट में सदस्यों को लंच के साथ हाउजी और गेम्स खिलाकर उनका मनोरंजन किया, हाऊजी की स्पॉन्सर ममता सेठी थी। इस तरह सभी सदस्यों ने दिनभर के कार्यक्रम का बहुत आनंद लिया और ऊँचाई मूवी देखने के बाद संस्था को नयी ऊँचाई छूने की शुभकामनाएँ दी।

# जयपुर का 295वां स्थापना दिवस आज

## तीन दिवसीय होंगे आयोजन। एक हजार बच्चे लिखेंगे वी लव जयपुर, स्टोरी टेलिंग के साथ कटेगा केक

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गुलाबी नगर जयपुर का स्थापना दिवस इस बार टीम एयू जयपुर मेराथन द्वारा तीन दिवसीय समारोह के रूप में मनाया जायेगा जिसमे स्थापना दिवस समारोह 18 नवम्बर को मानसरोवर स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल में अनूठे तरीके से मनाया जाएगा। एयू जयपुर मेराथन के सीइओ मुकेश मिश्रा और रेयान इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर की प्रिंसिपल सरिता कटियार ने बताया की 18 नवम्बर को एक हजार बच्चे मिलकर वी लव जयपुर लिखेंगे और केक काटेंगे साथ ही जयपुर की स्थापंना की जर्नी को बताते हुए म्हारो जयपुर स्टोरी टेलिंग होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जन नेता पंडित सुरेश मिश्रा, जयपुर के उप महापोर पुनीत कर्नावट और एयू स्माल फाइनेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष सौरभ ताम्बी के साथ शहर के गणमान्य नागरिक और रोटरी क्लब मेट्रो के सदस्य उपस्थित रहेंगे। 19 नवम्बर को जयपुर दशा और दिशा पर बनीपार्क में संस्कृति युवा संस्था के कार्यालय में परिचर्चा का आयोजन किया जायेगा और 20 नवम्बर को किड्स मेराथन होगी जिसमें 60 स्कूल के लगभग 4000 बच्चे शामिल होंगे , मैराथन में कुल 4 कैटेगरी होंगी। आठ साल से कम उम्र के बच्चे अपने पेरेंट्स के साथ दौड़ते हुए 1 किमी का रन पूरा करेंगे। बारह साल से कम उम्र के बच्चे 2 किमी, 16 साल से कम उम्र के बच्चे 3 किमी और 18 साल से कम उम्र के बच्चे 4 किमी दौड़ लगाने वाले है । यह किड्स मैराथन विटी रोड मानसरोवर से शुरू होकर मध्यम मार्ग,शिप्रा पथ होते हुए वापस रेयान इंटरनेशनल स्कूल पर खत्म होगी। दौड़ में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अंत में मैडल दिया जाएगा।




# जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ नेआकांक्षा स्पेशल स्कूल सांगानेर में भोजन वितरण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत 17 नवंबर को ग्रुप संगठन मंत्री सुनील सोगानी की पुत्री रानू जैन के जन्म दिवस के उपलक्ष में आकांक्षा स्पेशल स्कूल सांगानेर में भोजन वितरण का कार्यक्रम किया गया ।संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष अभय गंगवाल, अजय जैन संयोजक, मुनिया सोगानी एवं सोगानी परिवार के कई सदस्य जन उपस्थित थे।

# संजय मेहता सम्मानित



**बैंकॉक. शाबाश इंडिया।** संजय मेहता को रक्तदान के क्षेत्र में लगातार पिछले 15 वर्षो से अधिक दी जा रही सेवा के लिए **JITO Thailand Group** द्वारा **Bangkok** मे सम्मानीत किया गया।

# श्री महावीर जी पंचकल्याणक में भगवान के माता-पिता बनने वाले श्रावक श्रेष्ठी परिवार का सकल जैन समाज ने किया स्वागत

**सीकर. शाबाश इंडिया**

करौली जिले में स्थित जैन धर्मावलंबियों के पावन तीर्थ ''अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी'' में 24 वर्षों के बाद भूगर्भ से प्रकटित श्री 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी की अतिशयकारी प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी , ससंघ के सानिध्य में 27 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहा है।आचार्य श्री के सानिध्य में ही 24 नवंबर से नवीन 24 फीट की खड्गासन श्री 1008 महावीर भगवान की प्रतिमा एवं नूतन चौबीसी का पंचकल्याणक होगा । यह सीकर जैन समाज का परम सौभाग्य है कि पंचकल्याणक महोत्सव में भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य सीकर निवासी श्रावक श्रेष्ठी श्रीमती किरण देवी-राजकुमार जी सेठी को प्राप्त हुआ है ।गुरुवार को उनके सीकर आगमन पर सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई । विवेक पाटोदी ने



बताया कि प्रातः स्थानीय जैन भवन से शोभायात्रा प्रारंभ होकर स्टेशन रोड़, जाट बाजार, बावड़ी गेट, फतेहपुरी गेट, बजाज रोड़ होते हुए जैन भवन पहुंची।शहर के जाट बाजार स्थित श्री दिगंबर जैन तेरहपंथ आमनाय बड़ा मंदिर दीवान जी की नसियां, बावड़ी गेट स्थित श्री दिगंबर जैन बीसपंथ आमनाय बड़ा मंदिर,बजाज रोड़ स्थित श्री दिगंबर जैन तेरहपंथ आमनाय नया मंदिर सहित सभी प्रमुख जैन मंदिर कमेटी, जैन संस्थाओं के सदस्यो द्वारा श्रावक श्रेष्ठी श्रीमती किरण देवी - राजकुमार जी सेठी का भव्य स्वागत किया गया ।महिलाओ द्वारा माता की गोद भराई की गई ।आयोजन भगवान महावीर चैरिटी ट्रस्ट द्वारा किया गया। श्री महावीर जी में महामस्तकाभिषेक एवं पंचकल्याणक की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। भूगर्भ से टीले से प्रकट स्थली 'चरण छत्री' के पास खड्गासन 24 फीट के भगवान श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा स्थापित की गई है तथा चौबीसी भी तैयार हो रही है जिसका पंचकल्याणक होने जा रहा है ।इस दौरान देश विदेश से लाखों धर्मावलंबी वहा पहुचेंगे।सीकर से ही जुड़े दीवान परिवार व धाकड़ा परिवार के सदस्यो को भी इंद्र बनने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।

# शाहगढ़ में प्रेस दिवस पर दो सौ से अधिक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**शाहगढ़. शाबाश इंडिया**

नगर गौरव आचार्य देवनन्दी महाराज की प्रेरणा से नगर के झंडा चौक पर तहसील प्रेस क्लब द्वारा स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर, स्टेट बैंक, उत्कृष्ट विद्यालय,नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रेस दिवस पर खुले मंच से आयोजित प्रतिभाओं के सम्मान कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा 3 नगर गौरव ,4 पत्रकार श्री, 10वीं 12वीं समेत प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वालों को सर्वोदय प्रेस अवार्ड से सम्मानित किया। प्रेस क्लब द्वारा लगातार 10 वर्षो से अनवरत होने वाले संम्मान कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य देवनन्दी महाराज,मां सरस्वती, शाहगढ़ नरेश के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित, मध्य प्रदेश गान के साथ हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राधा बाबूलाल खटीक ने की, इस दौरान तहसील प्रेस समाचार पत्र और क्लब की दस वर्ष के कार्यक्रम की परिचायका का विमोचन में मंचासीन अतिथियों के साथ प्रबंध संपादक देवकुमार सेंधलिया शाहगढ़ बंडा के आये पत्रकारों ने सहयोग किया ।

## इन्हें मिला सम्मान

शाहगढ़ नगर गौरव से नवाजे गए कुंवर शैलेंद्र सिंह बुंदेला सेल टैक्स कमिश्नर इंदौर, कुमारी रिया जैन सहायक संचालक अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग दमोह, कुमारी वीणा विश्वकर्मा एसआई बंडा, के अलावा पत्रकार श्री से नवाजे गए बंडा के वरिष्ठ पत्रकार रामगोपाल गोस्वामी, राजेंद्र महावीर सनावद, पुनीत जैन नप उपाध्यक्ष और शंभू प्रसाद असाटी हीरापुर को गौरव उपाधियों से सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित प्रतिभागियों के सम्मान कार्यक्रम की सराहना करते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग डॉ मनीष वर्मा ने बच्चों के कैरियर को



लेकर एक घंटे का उद्बोधन दिया और बच्चों के पूछे गए जिज्ञासाओं का समाधान किया प्रोफेसर कृष्णराव ने स्कूल से लेकर कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कैसे करें इस विषय पर बच्चों को टिप्स दिए।हाल ही में शाहगढ़ से अध्ययन रत होकर सिविल जज के रूप में चयनित हुई कु ज्योति जैन ने इस उपलब्धि से जुड़े अपने अनुभवों को बच्चों से साझा किया वही मोबाइल के सही उपयोग से बच्चों के कैरियर बनाने तक के सफर में होने वाले फायदे और कई जानकारियां उपलब्ध कराई, बच्चों के कैरियर को लेकर मंचासीन कुलपति अजय तिवारी,पत्रकार राजेन्द्र महावीर सनावद,समाजसेवी कुँवर रंजोर सिंह बुंदेला ने भी बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई।संचालन मनीष शास्त्री, जगदीश शुक्ला, पदम सेठ,आभार क्लब अध्यक्ष प्रकाश अदावन ने किया।कार्यक्रम में मुख्य भूमिका प्राचार्य अशोक तिवारी की रही, कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में बीएमओ डॉ अमित असाटी, सीएमओ मिथलेश गिरी गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य गुलाबचंद गोलन, नगर परिषद उपाध्यक्ष पुनीत जैन, विधायक प्रतिनिधि राहुल लोधी,प्राचार्य राजीव तिवारी, भागचंद सेठ, सुखानंद शाह, कमलेश सेठ, सुनील तिवारी, ब्रजेश गुप्ता, राजेश यादव, सूर्यकुमार दुबे, अवधेश शर्मा, टीकाराम साहू,संदीप जैन,शैलू राजा,सहित शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावकों के अलावा विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शाश्वत ट्रस्ट ने मधुबन पंचायत के सूदूढ़वर्ती क्षेत्र के जरूरतमंदो के बीच दुसरे चरण में 250 से अधिक को कम्बल वितरण किया



**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया**

जैन धर्मावलंबियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री सम्मेदशिखरजी में श्री दिगम्बर जैन शाश्वत तीर्थराज सम्मेदशिखर ट्रस्ट के निहारिका धर्मशाला में जगदीश जैन-पानीपत के सौजन्य से महामंत्री राजकुमार जैन अजमेरा-हजारीबाग के निर्देशन पर मधुबन पंचायत के सूदूरवर्ती क्षेत्रो के जरूरतमंदो के बीचकम्बल वितरण किया गया।यह वितरण ट्रस्ट के द्वारा तय कार्यक्रम के दुसरे चरण में सम्पन्न हुआ जिसमें 250 से अधिक जरूरतमंद आदिवासी, वृद्धों को कम्बल प्रदत्त किया गया वहीं प्रथम चरण में दो दिन पूर्व 200 से अधिक डोली मजदूरों को कम्बल दिया गया था।कार्यक्रम का शुभारम ट्रस्ट में पधारें विनोद जैन व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रंजना जैन- कटनी (कोयला वाले परीवार), ताराचंद जैन व उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम जैन-गोवाहाटी ने भगवान महावीर के चित्र के समिप दीप प्रज्वलन कर किया।ट्रस्ट के संजीव जैन (प्रबंधक), गंगाधर महतो, ए.सइदी उपस्थित थे।ट्रस्ट के महामंत्री ने बताया की ठंड का मौसम आते ही ट्रस्ट के कम्बल विरतण का कार्यक्रम एक अभियान की तरह चल रहा है ।ट्रस्ट के हर आयोजन का विशिष्ट उद्देश निहित है। उदाहरण स्वरूप खेल-कुद का आयोजन कर जहां नई प्रतिभा को तलाशने एवं उसे प्रशिक्षित करना है बल्कि युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हे उचित मंच उपलब्ध करवाते हुए भटकाव से रोकना है। दुसरी ओर अध्ययनरत विद्यार्थियों में प्रतिभा की पहचान करने एवं उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निरंतर इस तरह के आयोजन किये जाने का भी प्रयास रहेगा। आज ट्रस्ट में पधारें विशेष अतिथियों के कर कमलों से कम्बल वितरण प्रारम्भ किया गया। ट्रस्ट के प्रबंधक संजीव जैन ने ट्रस्ट इस योजना की रूप-रेखा को कार्यक्रम में उपस्थित सभी के बीच रखते हुए बताया की ट्रस्ट इस क्षेत्र में पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए पूर्व में कई योजनात्मक कार्य कर चुका है और भविष्य के सम्भावनाओं के प्रति गंभीर है।

# श्री1008 मुनीसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर चिंचवड पुणे मे बाल दिवस मनाया




**पुणे. शाबाश इंडिया**

मदिर जी में 51 दीपक प्रज्वलित करके आचार्य श्री का दिक्षा दिवस आरती करके मनाया गया, साथ ही भक्तामर पाठ का भी पठन किया गया। श्री अरिहंत दिगंबर जैन ट्रस्ट के अध्यक्षः नेमीचंद जैन ठोले, कार्याध्यक्षः शितल पहाडे, कुमुद शास्त्री, निर्मला ठोले ने बताया कि वीर बाल शाला पाठशाला के बच्चों ने बाल दिवस पर अनूठी मिशाल पेश की। सभी बच्चों ने जय जिनेन्द्र गौशाला में अपने पॉकेट मनी की सेविंग से 7777/- रुपए की दान राशि गौशाला में जीव दया के निमित्त से दी। उन्होंने कहा कि ये बात सिर्फ दान की नहीं बात संस्कारो की है जो जैन पाठशालाओ में दिये जाते है । जिनके माध्यम से बच्चे माता पिता की सेवा, गुरू सेवा, धर्म रक्षा के गुण सीख रहे है, जय जिनेन्द्र गौ सेवा समिति आपके दान और संकारों की अनुमोदना करती है और अपेक्षा करती है कि पाठ शाला के बच्चे इसी तरह से जीव दया, धर्म हित के कार्यों में लगे रहेंगे और खूब उन्नति करेंगे ।




# महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर द्वारा दिंव्यांगो को मासिक राशन वितरण व भोजन कराया

## मेडिकल केम्प फोर्टिज एवं सिद्धम ईएनटी सेन्टर द्वारा आयोजित हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर द्वारा दिंव्यांगो को मासिक राशन वितरण किया। इस अवसर पर दिंव्यागो को बिठाकर भोजन स्व.श्रीमती चेतन छाबड़ा ध. प. वीर चन्द्र सेन छाबड़ा की स्मृति में वीर श्री सुरेश चन्द- अलका जैन कासलीवाल व उनके परिवार द्वारा कराया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन सुरेश चन्द कासलीवाल, वीर महेंद्र जैन फिरोजाबाद, वीर महेंद्र चोपड़ा तथा उपस्थित मेहमानों ने किया । इस अवसर पर वीर हस्तीमल सिधवी, वीर प्रसन्न गोलेछा, वीर नरेंद्र सेठी, वीर भाग चन्द जैन, अध्यक्ष वीर सुभाष गोलेछा, मंत्री वीर पीसी छाबड़ा , कोषाध्यक्ष वीर अनिल वैध भी उपस्थित रहे । इसके बाद मेडिकल केम्प में फोर्टीज के 10 डाक्टर , सिद्धम ईएनटी सेन्टर के डॉक्टर तथा महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर के फिजियोथेरेपिस्ट, जनरल मेडिसिन, दांतों, आयुर्वेदिक के डाक्टरों ने भी अपनी सेवाएं उपलब्ध कराई। ईएनटी सेन्टर ने परामर्श के अलावा दवाईयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई। ई सीजी बीएमआई बल्ड सुगर की निःशुल्क जांचें तथा निःशुल्क मेडिकल परामर्श दिया गया इसमें 100से ज्यादा मरीज लाभान्वित हुए । पांच नये महानुभावों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थित महानुभावों ने स्वरूची भोजन का आंनद लिया।

# थर्मल में क्लोरीन का रिसाव फायर स्टाफ ने स्थिति पर तुरन्त किया नियंत्रण

## कोटा थर्मल में क्लोरीन गैस रिसाव के लिये किया गया था मॉकड्रिल

**कोटा. शाबाश इंडिया**

कोटा थर्मल में सुबह 11 बजे अचानक क्लोरीन गैस के रिसाव की सूचना पर फायर स्टाफ में अचानक हलचल मच गई और फायर स्टाफ तुरन्त दमकल और एम्बुलेंस लेकर घटना स्थल पर दौड़ पड़ा। क्लोरीन के सिलेण्डर में हो रहे रिसाव के लीकेज पर क्लेम्प लगाकर तुरन्त अटेण्ड किया गया। घटनास्थल पर गैस के सम्पर्क में आने से एक व्यक्ति मूर्च्छित अवस्था में पड़ा हुआ था , उसे फायर स्टाफ द्वारा कृत्रिम श्वांस देकर तुरन्त एम्बुलेंस के द्वारा उपचार के लिये हॉस्पिटल रवाना किया गया। फायर स्टाफ द्वारा किया गया रेस्क्यू सफल रहा। बहुत ही कम समय में स्थिति को नियन्त्रित किया गया। अधीक्षण



अभियन्ता फायर आर के छावल के नेतृत्व में ये मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल टीम में सहायक अभियन्ता फायर प्रीति वणावला, कनिष्ठ अभियन्ता पायल डांडिया, सी आई एस एस एफ इंस्पेक्टर रामनिवास मंडा, केमिस्ट अनुराधा, फायर सुपरवाइजर अनिल मेहरा, भूपेंद्र सुमन, लल्लन गुप्ता, आजाद शेरवानी, प्रदीप मालव, राकेश जैन भरतराज नागर, विक्की गौचर, नरेन्द्र सुमन, राधेश्याम, दीपक सुमन, हिमांशु वैष्णव, धर्मेन्द्र गौचर, छितरलाल और सी आई एस एफ स्टाफ का सहयोग रहा।

# महानगरी कोलकोत्ता को अंतर्मना महापारणा महाप्रतिष्ठा महोत्सव पर विशेष वात्सल्य आमंत्रण




**कोलकाता. शाबाश इंडिया**

जैन जगत के महान साधक महोदधि उभयमासोपवासी अंतर्मना आचार्य १०८श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के सिंहनिष्क्रीडित व्रत 557 दिन की अखंड मौन साधना में श्री सम्मेद शिखरजी, मधुबन में लीन हैं। जिसका महापारणा 28 जनवरी 2023 को भव्याती भव्य महामहोत्सव महाप्रतिष्ठा जो कि दिनांक 27 जनवरी से 3 फरवरी 2023 में होना निश्चित हुआ जिसका वात्सल्य आमंत्रण हेतु आज महापारणा महाप्रतिष्ठा महोत्सव समिति, सम्मेद शिखर से समिति के अध्यक्ष ऋषभ जैन अहमदाबाद, समारोह समिति के स्वागताध्यक्ष सुभाष बड़जात्या, कोलकाता एवं समिति के सदस्य देवेंद्र जैन, कैलाश एवं मनोज जैन धुलियान, आकाश जैन, इंदौर का कोलकाता आगमन पर गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी के सान्निध्य में काकुरगाछी, चतुर्मास पंडाल में अंतर्मना गुरुभक्त परिवार, कोलकाता के तत्वाधान में आयोजित हुआ। गुरुभक्त अजय जैन सरावगी ने संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत काकुरगाछी महिला समिति के सदस्यों ने मंगलाचरण से किया। शांतिलाल पाटोदी, सर्वेश पाटनी, कैलाश बड़जात्या, राजेंद्र गंगवाल एवं अनिल सरावगी ने दीप प्रज्वलन किया। मंच संचालक ब्रह्मचारी तरुण भैया इंदौर के निर्देशन में भव्य रुप से गुरुभक्तों द्वारा गुरु पूजा की गई, जिसमें उनका सहयोग मुन्ना लाल पहाड़िया ने दिया। भागचंद काला ने केंद्र समिति ,कोलकाता और निकटवर्ती के मंदिरों एवं समस्त संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं साधर्मी भाइयों का स्वागत करते हुए कहा अंतर्मना की भक्ति का ही प्रभाव हैं जिससे इतनी अपार समूह में लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी ने अपने उद्बोधन में अंतर्मना को नमन करते हुए कहा कि जैन सिद्धांत में अगर कोई 6 महीने का मौन रखता है तो वह कई सिद्धियों को प्राप्त करता हैं, आचार्य भगवान ने तो करीब 600 दिन की मौन साधना में लीन हैं तो उन्हें कितनी सिद्धीयां अपने आप प्राप्त हुई होगी, वह तो अकल्पनीय हैं। उन्होंने उनकी कठोर तपस्या के बारे में बताते हुए कहा किस तरह पहाड़ की ठंड में वह दिगंबर अवस्था में घंटो साधना में रहते हैं ।उन्होंने गुरुभक्तो को आशीष देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आप सभी को महापारणा महामहोत्सव में शामिल होना चाहिए। केंद्र समिति के ऋषभ जैन एवं आकाश जैन ने समारोह की भव्यता एवं समारोह की पात्रता के बारे में बताते हुए कोलकाता समाज के विशिष्ट जनों को निमंत्रण पत्रिका भेंट की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए दिनेश पाटनी ने अंतर्मना का नमन करते कहा कि आपने कोलकाता में केंद्र समिति को भेजकर कोलकाता समाज के गुरुभक्तों पर अपना आशीष प्रदान किया हैं, उन्होंने केंद्र समिति के, मंदिरों एवं संस्था से पधारे पदाधिकारी एवं सधर्मी भाइयों को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में महेंद्र पांड्या संतोष ललिता सेठी, अजीत सेठी, संदीप बड़जात्या,महेंद्र पाटनी, संजय काला एवं ललित सरावगी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश गंगवाल वास्तु, विवेक गंगवाल, अशोक काला,आलोक बाकलीवाल, अभिषेक सेठी, रोशन सेठी, संजय ज्योति काला, मनीष बड़जात्या, धीरेंद्र गंगवाल, अमित पाटनी,आकाश टोंगिया, सुमित बगड़ा, राजेश कसलीवाल, सुनील पाटोदी,कंचन जैन सरावगी, रश्मि गंगवाल स्वेता गंगवाल आभा गंगवाल की भूमिका सराहनीय रही। **कोडरमा मीडिया प्रभारी राज कुमार अजमेरा**



# 51 साल बाद मिले 72+ आयु के युवा मालवीयन्स

## संस्थान की प्रगति के लिए योगदान देने का संकल्प किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मालवीय रीजनल इन्जीनियरिंग कॉलेज (अब मालवीय नेशनल इन्स्टिट्यूशन ऑफ टेक्नोलॉजी) जयपुर के 1971 बैच के छात्रों ने 51 साल बाद अपनी गोल्डन जुबली स्नेह मिलन सपत्नीक उत्साहपूर्वक 13 व 14 नवम्बर,2022 को द पैलेस जयपुर पर आयोजित किया। देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के अलावा अमेरिका, इन्डोनेशिया आदि कई बाहर के देशों से भी पूर्व छात्रों ने एकत्र होकर अपने कॉलेज के समय की सुनहरी यादों को तरोताजा किया, संस्मरण सुनाए। तत्पश्चात आयोजित गीत संगीत संध्या में सभी ने भाग लिया। इस युवा मालवीयन्स के आयोजक इन्जी राजेन्द्र लुहाडिया, इन्जी महेन्द्र कासलीवाल, इन्जी पुखराज गांधी ने बताया की सभी ने अपने कॉलेज, हॉस्टल के एक एक कमरे को देखा। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया व सभी पूर्व छात्रों को यादगार उपहार भी दिये गये ।कॉलेज परिसर में आते ही इन 72+ आयु के युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।इस संस्थान के शिक्षक व छात्र भी इन चिर युवा पूर्व छात्रों की प्रेरक स्फूर्ति को देख कर चकित थे।इन सबने अपने अपने इन 51 वर्षों के अनुभव सुनायें, जिनकी वर्तमान छात्रों व शिक्षकों ने बहुत सराहना की।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com